Augmentation of Reserved Accommodation in trains

3734. SHRI HIPHEI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Northern Railway has decided to augment reserved accommodation for the convenience of passengers during summer season from the 15th April to 17th July, 1995;

(b) if so, the names of trains where the facility is to be augmented class-wise;

(c) whether Government propose to ask other Zonal Railways to take similar steps to augment reserved accommodation in trains under their operational control; and

(d) if BO, the details therof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes, Sir. Augmentation has been done upto 15th July, 1995.

(b) Mussoorie. Shalimar, Shaheed, Saryu, Yamuna, Shramjeevi, Varanasi; Dehradun;, Goa, Dtelhi-Jamniu and Delhi-Jaipur Express and Flying Mail have been provided with one additional sleeper class coach. Himalayan Queen is augmented by one AC Chair Car, New Delhi-Bhubnesh. war and New Delhi-Guwahati Rajdhani each by one AC 3-tier coach.

(c) and (d) Other Zonal Railways are also augmenting their train services during summer subject to traffic justification, hauling capacity of locos and availability of additional coaches.

पान और सिंघाड़े के दावे सम्बन्धी मामलों का निपटान

3735. श्री शिव प्रसाद जनपुरिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1988 से 1994 की अवधि के दौरान रेलवे के दावा विभाग को पान और सिंघाड़े के संबंध में कितने दावा प्रकरण प्राप्त हुए और उस संबंध में रेलवे जोनवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन दावों में कितने माल तथा कितनी राशि का दावा किया गया है ;

(ग) इनमें से कितने दावों का निपटान किया जा चुका है और उनके निपटान की तिथियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) शेष दावों के नहीं निपटाये जाने के क्या कारण हैं और उनका निपटान कब तक हो जाएगा ?

रेल मंत्री (श्री सी० के जाफर शरीफ) :

(क) से (ग) अलग-अलग नष्ट वस्तुएं यथा पान के पत्ते और सिंघाड़ा आदि के दावों के आंकड़े अलग-अलग नहीं रखे जाते बहरहाल नष्ट वस्तुओं पर सभी पार्टियों को भुगतान की गई प्रतिपूर्ति के दावों की कुल संख्या और अनुपत्र में दिए गए हैं [देखिए परिशिष्ट 173, अनुपत्र संख्या 77]

(घ) दावों का निपटान न करने का मुख्य कारण संबंधित दस्तावेज आदि को समय पर प्रस्तुत न करना है दावे उचित सत्यापन और प्रत्येक मामले के गुण दोष के आधार पर निपटाये जाते हैं।

बम्बई में पान व्यापारियों के लंबित पड़े दावा संबंधी मामले

3736. श्री शिव प्रसाद जनपुरिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जबलपुर (मध्य प्रदेश) के पान व्यापारियों के कितने दावा संबंधी मामले मध्य रेलवे के मुख्य दावा अधिकारी, बम्बई के पास लंबित हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इन व्यापारियों ने अपने दावों के निपटान हेतु मुख्य दावा अधिकारी, मध्य रेलवे, बम्बई सी.टी. को लंबित मामलों की व्यापारीवार सूची और अनेक ज्ञापन दिये हैं ;